NBT
नवभारत टाइम्स

मालदीव शिष्टमंडल मुंबई पहुंचा

■ वसं, मुंबई : देश की पहली बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट के तहत राज्य में तैयार हो रही 21 किमी लंबी टनल का निर्माण कार्य का जायजा लेने मालदीव मंत्रिमंडल का शिष्टमंडल मुंबई पहुंचा। मालदीव के कंस्ट्रक्शन और इन्फ्रास्ट्रक्चर मंत्री डॉ.अब्दुल्ला मुथ्थालिब की अध्यक्षता मे शिष्टमंडल मुंबई आया हुआ है। 21 किमी लंबी टनल बीकेसी से शिलफाटा के बीच तैयार हो रही है। टनल तैयार करने का जिम्मा एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड को दिया गया है। 21 किमी मे से 1 किमी तक टनल तैयार करने का काम हो चुके है, निर्माण कार्य को रफ्तार देने के लिए विक्रोली और घणसोली मे टीबीएम का शॉट तैयार हो चुके है।